प्रादेशिक समाचार
दिनांक–04.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन आज शाम पांच बजे तीसरी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। इससे पहले श्री सोरेन ने आज राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने श्री सोरेन को मनोनीत मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त करते हुए शपथ ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया। उनके साथ विधायक सत्यानंद भोक्ता, विधायक कल्पान सोरेन और विनोद कुमर सिंह तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद थे। इससे पहले कल तेज़ी से बदलते राजनीतिक घटनाक्रम में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाक़ात कर उन्हें अपना त्यागपत्र सौंप दिया था। वहीं झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को विधायकों का समर्थन पत्र सौंपते हुए नयी सरकार के गठन का दावा पेश किया।

****

नीट–यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए धनबाद जिले से एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिले के बापू नगर से गिरफ्तार अमन सिंह की प्रश्न पत्र लीक मामले में महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही है। अमन सिंह का संबंध हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के आरोपी प्राचार्य और उप प्राचार्य से बताया जाता है। सीबीआई की टीम अमन को पूछताछ के लिए पटना ले गयी है।

****

प्रवर्तन निदेशालय, इडी आज धनबाद के कोयला व्यवसायी प्रमोद सिंह के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। ईडी प्रमोद सिंह के मुंशी अंजीव सिंह और एक अन्य रिश्तेदार के यहां भी जांच कर रही है। मामला कोयले के अवैध कारोबार और स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर कार्यरत रहने के दौरान करोड़ों रूपये की गड़बड़ी से जुड़ा हुआ है। प्रमोद सिंह के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान नगद राशि भी मिलने की सूचना है। प्रमोद सिंह के खिलाफ पिछले साल जून माह में जिला खनन विभाग ने अवैध खनन और परिवहन के मामले को लेकर बरवाअड्डा थाने में भी प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

****

नीति आयोग आज से तीन महीने का सम्पूर्णता अभियान शुरू कर रहा है। तीस सितम्बर तक चलने वाले इस अभियान में झारखंड समेत देशभर में छह प्रमुख संकेतकों पर आधारित परिपूर्णता हासिल करने के लिए आकांक्षी जिलों और प्रखण्डों में अनवरत प्रयास किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर के एक सौ बारह जिलों और पांच सौ प्रखण्डों में छह चिन्हित संकेतकों के आधार पर परिपूर्णता प्राप्त करने का लक्ष्य है। झारखंड में बोकारो, चतरा, और पलामू समेत 19 जिले आकांक्षी जिलों में शामिल हैं।

****

नये कानूनों की जानकारी देने के लिए लोहरदगा जिले में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विस्तृ ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

सांउड बाईट––गोपीकृष्ण कुंवर, लोहरदगा––50 सेकेंड

****

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप विजेता भारतीय टीम का आज दिल्ली पहुंचने पर शानदार स्वागत हुआ। क्रिकेट टीम के स्वागत के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर बडी संख्या में प्रशंसकों की भीड़ जुटी और उन्होंने करतल ध्वनि के साथ खिलाड़ियों का स्वागत किया। मुंबई रवाना होने

से पहले भारतीय दल ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों को उनकी अदभूत सफलता पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों के साथ भोजन भी किया।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामी विवेकानन्द की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि स्वामी विवेकानन्द की शिक्षाएं लोगों को शक्ति प्रदान करती हैं। प्रधानमंत्री ने स्वामी विवेकानन्द के समृद्ध और प्रगतिशील समाज का सपना पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। इधर, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भी स्वामी विवेकानंद के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्यपाल ने राजभवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों और सिद्धांतों से सभी को प्रेरणा लेने की जरुरत है।

**********समाप्त*********